हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 नपा की टीम लेकर मैदान में डटे ईओ दिनेश कुमार




07 प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने 17 स्थानों पर बनेंगे बायो...



## खबर संक्षेप

### दिग्विजय सिंह 20 जनवरी को बीना तहसील के ग्राम गोधना आएंगे



**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह दो दिवसीय बीना विधानसभा के दौरे पर पधार रहे है। 19 जनवरी को रात्रि में बीना पहुंचकर बीना विधानसभा के कांग्रेस जनों से मुलाक़ात एवं रात्रि विश्राम करेंगे। 20 जनवरी दिन मंगलवार को प्रातः 11 जिला कांग्रेस कमेटी एवं बीना ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान मे आयोजित पंचायत स्तरीय कांग्रेस समिति का गठन एवं मनरेगा बचाओ अभियान ग्राम गोधना, तहसील बीना में शामिल होंगे। भूपेन्द्र सिंह मुहासा, जिला अध्यक्ष कॉंग्रेस कमेटी, सागर ग्रामीण दौरे में साथ रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला कांग्रेस ग्रामीण के महामंत्री संगठन आशीष ज्योतिषी नें दी।

### मां कामाख्या देवी जाएगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 31 जनवरी को वैष्णों देवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। वैष्णोंदेवी जाने वाली तीर्थयात्रा अब मां कामाख्या देवी के लिए दिनांक 31 जनवरी को की जावेगी। मां कामाख्या देवी जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर संदीप जी आर ने उक्त के संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम सागर, अधिशासी अधिकारी छावनी मंडल जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी / कार्यपालन जनपद पंचायत (समस्त), मुख्य नगर पलिका अधिकारी/नगर परिषद् (समस्त) को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया कि तीर्थ यात्रियों के लिए माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा प्रस्तावित की गई थी उक्त यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। सागर जिले से 31.01.2026 से 05.02.2026 तक मॉ वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा के स्थान पर कामाख्या धाम हेतु यात्रा जाना प्रस्तावित होने से समस्त तीर्थयात्रियों को सूचित कर लिखित में सहमति प्राप्त कर कार्यालय को दिनांक 17.01.2026 को सायं 5 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

### वीबी-जी रामजी योजना से बदलेगी हर गांव के विकास की तस्वीरः गोविंद सिंह राजपूत


# सीहोरा में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किए एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के भूमि पूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी योजना जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार कर गांव को समृद्ध बनायेंगे। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गांरटी है, इस योजना में ग्राम पंचायतें अपने गांव के विकास के लिए खुद निर्णय लेकर विकास कार्य करेंगी। सीसी रोड सौंदर्यकरण अधोसंरचना जैसे कार्य कर ग्राम पंचायतें सशक्त होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सीहोरा में विभिन्न विकास कार्य के लोकार्पण एवं भूमि पूजन के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में करोड़ों के विकास कार्य चल रहे हैं छोटे-छोटे गांव भी अब पक्की सड़कों से जुड़ चुके हैं यह सब देखकर कांग्रेस बौखला गई है भाजपा के विकास कार्यों ने कांग्रेस के मुद्दे समाप्त कर दिए हैं कांग्रेस ने सिर्फ जनता में झूठ फैलाया है और भाजपा ने विकास करके दिखाया है मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मैं और मेरा पूरा परिवार दिन-रात मेहनत करते हैं हमारा संकल्प है कि सुरखी का विकास प्रदेश में अलग पहचान बनाएं जिसका नतीजा है कि आज हम सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य करने वाले क्षेत्र में शामिल हैं भाजपा सरकार, हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने जो विकास की तस्वीर बनाई वह सुरखी विधानसभा क्षेत्र में नजर आती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प से विश्व में भारत को अलग पहचान दी तो वही जन-जन के नेता डॉक्टर मोहन यादव की दूरदर्शी सोच ने मध्य प्रदेश में विकास की नई इमारत लिखी। हम सब आपके सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। आपका आशीर्वाद और सहयोग इस विकास रथ को और गति देगा। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सीहोरा में नल जल योजना, पेयजल टैंकर, सी.सी. रोड निर्माण कार्य मुख्य बाजार से जैन मंदिर की ओर, चबूतरा निर्माण, हाईमास्ट फाउन्डेशन कंट्रोल पैनल मय फिटिंग 02 स्थानों पर, मंगल भवन निर्माण कार्य संत रविदास मंदिर के पास, ,सीहोरा में शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सीहोरा में राजस्व का आवासीय भवन, सीहोरा में उप तहसील कार्यालय भवन, सीहोरा में हाई स्कूल का अनुरक्षण कार्य, सीहोरा प्राथमिक भाशाला में फर्नीचर, प्री-फेब्रिकेटेड स्वागत द्वार निर्माण कार्य सिहोरा लोटना मार्ग पर, सामुदायिक, भवन, घाट निर्माण कार्य, श्रवण प्रताप चबूतरा निर्माण, शांतिधाम सौंदर्यकरण कार्य, पेवर ब्लॉक कार्य पंचायत भवन, टीन शेड निर्माण भूतेश्वर मंदिर, आदि का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए सीहोरा को मंत्री राजपूत ने एक करोड़ से अधिक की राशि के विकास कार्यों की सौगात दी। राजपूत ने कहा कि चैकी जलंधर मार्ग को वन विभाग से अनुमति दिला दी है, अब इसका कार्य शीघ्र पूर्ण होगा इससे करीब 50 ग्रामों को आवागमन की सुविधा होगी।

इस अवसर पर राजेन्द्र दुबे, पप्पु राय, सरपंच उदय लोधी, मंडल अध्यक्ष लोकमन लोधी, भगवतसरण ठाकुर, राकेश दुबे, रघुराजसिंह ठाकुर, दरयाव सिंह ठाकुर, महेन्द्र राय, श्रीराम यादव, गंधर्व राजपूत, जगदीश साहू सरपंच, रवि मंगोलिया, वृंदावन राय जनपद सदस्य, सुरेन्द्र उपाध्याय, राजा फौज दार, कमल लोधी, भगवानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र राजपूत, वृजबिहारी तिवारी, शंकर विश्वकर्मा, सुनील जैन, शैलेन्द्र साहू, सुनील गौतम, सनु जैन, केदार यादव, भोले दुबे, बंसत यादव, रविन्द्र, सुरेन्द्र सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा रुद्राक्ष धामः अविराज सिंह

**सागर।** युवा नेता अविराज सिंह ने शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों से सौजन्य भेंट कर श्रीराम कथा एवं भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित किए। इस क्रम में उन्होंने मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, तथा देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया से उनके निवास पर भेंट कर उन्हें विधिवत आमंत्रण प्रदान किया। ज्ञातव्य है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी पधार रहे हैं। इस अवसर पर अविराज सिंह ने रुद्राक्ष धाम, सागर में आयोजित होने जा रहे सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव एवं नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। अविराज सिंह ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से नगर एवं अंचल के नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। वहीं 1 फरवरी को नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर प्रयागराज से पधारे सुप्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक पं. श्री प्रेमभूषण जी महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक भगवान श्रीराम की पावन कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा श्रवण से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति एवं धर्म के मूल्यों की अनुभूति होगी।



### भक्ति और आस्था का संगमः सड़ेरी में गूंजा कारसदेव बाबा का जयकारा, अखंड गोट में उमड़ा जनसैलाब

**सागर।** बुंदेलखंड की पावन धरा अपनी प्राचीन परंपराओं और लोक देवताओं के प्रति अटूट श्रद्धा के लिए जानी जाती है। इसी कड़ी में नरयावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सड़ेरी में आध्यात्मिक ऊर्जा का एक अनूठा प्रवाह देखने को मिला। श्री 108 कारसदेव बाबा की असीम अनुकंपा से मंदिर परिसर में 'अखण्ड गोट' का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस पुनीत अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप लारिया ने भी सहभागिता की। उन्होंने बाबा के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की और कारसदेव बाबा चबूतरा निर्माण के लिए विधायक निधि से 1 लाख रू.की स्वीकृति का पत्र भेंट किया। बुंदेलखंड की लोक संस्कृति में कारसदेव बाबा का स्थान अत्यंत विशिष्ट और श्रद्धेय है। उन्हें केवल एक लोक देवता के रूप में ही नहीं, बल्कि पशुधन के रक्षक और प्रकृति के संरक्षक के रूप में पूजा जाता है। सड़ेरी में आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था का वह महाकुंभ था जहाँ श्रद्धा, सेवा और समर्पण का त्रिवेणी संगम देखने को मिला।

## महापौर ने नरयावली नाका वार्ड में मढिया नाका मंगल भवन जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नगर पालिक निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी ने नरयावली नाका वार्ड अंतर्गत मढिया नाका स्थित मंगल भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, एमआई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, पार्षद कंचन सोमेश जड़िया, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि मढिया नाका मंगल भवन के जीर्णोद्धार की मांग लंबे समय से पार्षद श्रीमती कंचन सोमेश जड़िया द्वारा की जा रही थी। नागरिकोंकी सुविधा और सामाजिक कार्यक्रमों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा इस कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। 20 लाख रुपए की लागत से बनाए गए मंगल भवन में मांगलिक कार्यों के लिए 2 हॉल 3 कमरे, किचिन, स्टोर रूम , पार्किंग सुविधा, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, टॉयलेट, बिजली आदि सुविधा युक्त यह सुव्यवस्थित मंगल भवन लोगों को बहुत उपयोगी साबित होगा । उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य वार्ड के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वार्ड से संबंधित कोई भी समस्या हो, तो उसे अवश्य अवगत कराएं ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके।महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि मंगल भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है और अब यह भवन क्षेत्र के नागरिकों के लिए विवाह, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। यदि नगर निगम से संबंधित कोई भी समस्या हो तो नागरिक सीधे अपनी पार्षद कंचन सोमेश जड़िया को अवगत कराएं, ताकि उसका तत्काल निराकरण किया जा सके।

कार्यक्रम को शैलेन्द्र ठाकुर एवं पार्षद कंचन सोमेश जड़िया ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मंगल भवन के जीर्णोद्धार से वार्डवासियों को अपने सामाजिक कार्य करने के लिए सुविधा मिलेगी।



### भूसे के कमरे में निकला विशालकाय अजगर, गांव में मचा हड़कंप, रेस्क्यू कर रमना जंगल में छोड़ा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा क्षेत्र में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कुंढ़ई ग्राम में एक किसान के घर के भूसा भरे कमरे के अंदर एक विशालकाय अजगर देखा गया। अजगर के दिखते ही परिवार के सदस्यों में दहशत फैल गई और पूरे गांव में हलचल मच गई। तत्काल इसकी सूचना सांप पकड़ने में विशेषज्ञ गढाकोटा किला वार्ड निवासी दीपू पटेल को दी गई। सूचना मिलते ही दीपू पटेल अपनी रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गांव के लोग दूर खड़े होकर रेस्क्यू को देख रहे थे, क्योंकि अजगर का आकार काफी बड़ा था और किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका बनी हुई थी। भूसे से भरे कमरे में छिपे अजगर को बाहर निकालना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम ने पूरी सतर्कता और सूझबूझ के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने विशालकाय अजगर को सुरक्षित तरीके से काबू में लिया। इस दौरान न तो किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचा और न ही अजगर को कोई चोट आई। अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और रेस्क्यू टीम की सराहना की। रेस्क्यू के बाद अजगर को तुरंत गढाकोटा स्थित रमना जंगल ले जाया गया, जहां उसे वन विभाग के सुपुर्द किया गया। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। इस मौके पर रेस्क्यू करने वाले दीपू पटेल ने बताया कि बरसात और ठंड के मौसम में अजगर व अन्य वन्य जीव अक्सर सुरक्षित और गर्म स्थानों की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर आ जाते हैं। सुशील कुमार सोनी ने कहा कि वन्य जीवों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जंगल में छोड़ना वन विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी वन्य जीव को देखकर खुद पकड़ने की कोशिश न करें और तुरंत प्रशासन या रेस्क्यू टीम को सूचना दें। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा यह रेस्क्यू ऑपरेशन,जिसने समय रहते एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया।

### हम सबई जनै जो संकल्प लेवे कि बुंदेली में भी लेखन कर हैंः डॉ पुष्पा चिले

**सागर।** हम सब बुंदेलखंड के रहवासी बुंदेली मानस है एई से हिंदी के संगै बुंदेली बोली खों भी हम आगे लावे को प्रयास कर हैं। अपन औरें आज बुंदेली में बतकाओ कर हैं, सबसे पैले बीती मकर संक्रांति और आवे वारी बसंत पंचमी, गणतंत्र दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। बुंदेलखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर संस्था के प्रणेता श्रद्धेय मणीकांत भैया की पुण्यतिथि पै हम सब ने श्रद्धांजलि दई ती, ई अवसर पै हम सबई जनै जो संकल्प लेवे कि बुंदेली में भी लेखन कर हैं आज कल बुंदेली के प्रचार प्रसार में कार्यक्रम भी हो रए हैं सरकार सोई सहयोग कर रई है। हम सब भी बुंदेली में लिखबो शुरू करें, हमाई संस्था में बहुत से कवि बुंदेली पै कलम चला रए हैं अपने क्षेत्र की बोली खों आगे लावे के लाने इत्तों कर्तव्य तो हमाओं बनतई है और एई से जो सुझाव हमनें दओ है। यह बात दमोह से डॉ पुष्पा चिले ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1618 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 296 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं थीं। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने संगोष्ठी का संचालन किया। नागपुर (महा.) से मंजूषा किंजवाडकर ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में सागर से डॉ सीताराम श्रीवास्तव भावुक ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत किया। रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने समस्त उपस्थितों का आभार भी व्यक्त किया।

### प्रधान मंत्री कुसुम-बी योजना अंतर्गत सोलर पंप स्थापना हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**सागर।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सिंचाई कार्य हेतु ऑफ ग्रिड सोलर पंप स्थापना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं। योजना के तहत कृषकों द्वारा लगभग 10 प्रतिशत अंशदान दिए जाने पर 30 प्रतिशत केंद्रीय अनुदान एवं 60 प्रतिशत राशि कृषक ऋण के रूप में प्रदान की जाएगी। कृषक ऋण उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को नोडल बैंक नियुक्त किया गया है।योजना अंतर्गत पंप स्थापना का कार्य चयनित वेंडर के माध्यम से किया जाएगा, जिसके पूर्व ऋण स्वीकृति अनिवार्य होगी। कृषकों को योजना से लाभान्वित करने एवं जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में जिला पंचायत, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, ऊर्जा विकास निगम एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी शामिल हैं।



### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री ताराचंद जैन जी की 100वीं वर्षगांठ पर सम्मान समारोह आयोजित

**सागर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जैन जी की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रावतपुरा सरकार महाविद्यालय द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने ताराचंद जैन जी को श्रद्धापूर्वक सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी खुले वातावरण में स्वतंत्र रूप से सांस ले पा रहे हैं, यह हमारे पूज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन कर अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया और देश को आज़ादी दिलाई। कार्यक्रम को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है तथा युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अनुपम बोहरे द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य रूप से संतोष तिवारी, नीता तिवारी, रावतपुरा सरकार महाविद्यालय के सीईओ कुलदीप तिवारी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### णमोकार तीर्थ क्षेत्र में 6 से 25 फरवरी तक आयोजित होगा पंचकल्याण प्रतिष्ठा व महामस्तकाभिषेक महोत्सव

# तीर्थंकर भगवान के माता-पिता की गोद भराई सौधर्म इंद्र का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



महाराष्ट्र प्रांत स्थित श्री णमोकार तीर्थ क्षेत्र में 06 फरवरी से 25 फरवरी तक गणधराचार्य श्री 108 कुंथुसागर जी महाराज के मंगल आशिर्वाद एवं प्रज्ञाश्रमण सरस्वताचार्य सर्वोदयी राष्ट्र संत 108 आचार्य श्री देवनन्दी जी महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याण प्राणप्रतिष्ठा एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव में प्रतिष्ठित होने वाली भगवान तीर्थंकर की प्रतिमा का आगमन सागर के रामपुरा वार्ड में सुनीता- मुकेश जैन हीरापुर वालो के निवास पर हुआ।

प्रतिमा की आगवानी के अवसर पर भजनो के बुलौआ एवं पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान तीर्थंकर के माता-पिता की गोद भराई एवं महोत्सव के सौधर्मइंद्र का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाओं ने भाग लिया एवं पूर्ण भक्तिभाव से भजन गायन कर जिनबिम्ब की भक्ति की एवं विभिन्न द्रवो से भगवान के माता-पिता की गोद भराई की एवं सौधर्म इंद्र एवं सचि इन्द्राणी का सम्मान कर उनके मंगल पुण्य की अनुमोदना की। मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन बताया की आयोजन उपरान्त पंचकल्याणक महोत्सव में भगवान तीर्थंकर के माता-पिता शाहगढ निवासी बेनी बाई -सुरेशचंद(दाऊ) ,बंडा निवासी पुष्पा-सुरेश (हल्लू) एवं सौधर्म इंद्र रत्नप्रभा मुकेश जैन ने रामपुरा वार्ड में विराजमान पूज्य मुनि श्री 108 निस्कंप सागर जी एवं मुनि श्री 108 निष्काम सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं श्री णमोकार तीर्थ में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पंचकल्याणक महोत्सव की विस्तृत जानकारी देकर पूज्य मुनि संघ को श्रीफल भेंट कर महोत्सव हेतु आमंत्रित किया।

इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष पराग बजाज, भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र पप्पू फुसकेले, रविकांत सेठ, श्रेयांश जैन, अमित चौधरी, मुकेश जैन, प्रमोद जैन, डॉ.आनंद जैन, डॉ.दीपक जैन, अशोक जैन, राहुल पडेले, प्रभात शास्त्री, श्रेणीक जैन, श्रीयांश जैन, अमन जैन, अरिहंत जैन सहित बुंदेलखंड गुरुभक्त परिवार के सदस्य एवं सधर्मी जन शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### महिला को घर में घुसकर पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चमरऊवा निवासी भावना पत्नी रामगोपाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 4 जनवरी को सुबह 10 बजे वह अपने घर में अकेली थी। तभी उसके घर के अंदर मोहल्ले का संजू पुत्र शिशुपाल राजपूत ठेकेदार आ गया और गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। विरोध करते हुये वह बाहर भागी तो उक्त व्यक्तियों ने पीछे से आकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने उसी दिन चौकी राजघाट व कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। इससे उनके हौंसले और बुलंद हो गये और उसी रात करीब 9 बजे उक्त लोगों ने उसके व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान संजू, उमाशंकर पुत्रगण शिशुपाल, सविता पत्नी संजू, रोशनी पत्नी उमाशंकर, चंद्रभान पुत्र कोमल, रामा पत्नी चन्द्रभान, अंकेश पुत्र चन्द्रभान समेत चार अज्ञात लोग जो कि लागौन गांव के रिश्तेदार थे, घर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

### फांसी से लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** एक किसान का शव शनिवार सुबह खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जैतवारा निवासी 42 वर्षीय मनोहर राजपूत पुत्र आशाराम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मनोहर शनिवार सुबह करीब चार बजे खेत में सिंचाई करने के लिए गया था। सुबह लगभग 8 बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे, तो उन्हें मनोहर मोटर के पास मृत अवस्था में पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, मनोहर अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और उसके दो पुत्र हैं। वह खेती-किसानी का काम करता था। घटना स्थल पर ग्राम प्रधान रानू राजा बुंदेला भी पहुंचे। किसान की मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

### युवती ने लगाया मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** जेल चौराहा के पास रहने युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 12 बजे अपने घर पर थी। तभी पड़ोस के कुछ लोग एक राय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। युवती ने बताया कि उक्त लोग पहले भी उसके साथ मारपीट की थी।

### रास्ते में रोककर बेल्ट से मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला रामनगर में शान्ति निकेतन जू.हा.स्कूल के पास रहने वाले सुमित कुशवाहा पुत्र संतोष कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 15 जनवरी को शाम करीब 3 बजे वह अपने खेत से घर जा रहा था, जहां रास्ते में खड़े इलाइट चौराहा के आगे, एच.पी.आर. निवासी आकाश कुशवाहा ने उसे रोक लिया विरोध करने पर बेल्ट से मारपीट कर दी।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

# मड़ावरा में जिलाधिकारी ने जनता की समस्याएं सुनकर कराया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शासन की मंशानुसार शनिवार को जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया।

उन्होंने एक-एक कर शिकायकर्ताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। शेष बची शिकायतों के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करायें। शिकायतकर्ताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की जरुरत व पात्रता के हिसाब से सम्बंधित योजनाओं सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से उन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराये। फरियादी खेमचन्द्र अपने साथ लाये निराश्रित बच्चों के हालात को देखते हुए जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला प्रोबशन अधिकारी को बुलाकर मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत मौके पर ही आवेदन कराया और उनको आश्वस्त किया कि आगामी माह से दोनो बच्चों को योजना का लाभ मिलने लगेगा।

### राशन कार्ड में परिवारजनों के नाम जुड़वाने की शिकायत

ग्राम धौरीसागर निवासी फरियादी मंटोला द्वारा अपने राशन कार्ड में परिवारजनों के नाम जुड़वाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी शिकायतकर्ता धमेन्द्र ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा रोके जाने व विपक्षी द्वारा सरकारी चकरोड पर किये गए अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम पटना मड़ावरा निवासी शेहर सिंह ने गांव में नल से पानी न आने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को गांव का भ्रमण कर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

### कहां कितने शिकायती प्रार्थना पत्र मिले

तहसील मड़ावरा में कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस के 08, विकास के 04, विद्युत के 04, लोक निर्माण विभाग के 02, समाज कल्याण के 02 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, विकास के 03, पुलिस के 11 तथा अन्य विभागों के 12 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 14 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 05, पुलिस विभाग का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस के 02, विकास विभाग का 01, पूर्ति विभाग का 01, विद्युत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 04 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चौहान, एसडीएम मड़ावरा शैलेन्द्र चौधरी, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेशन से नदी पार तक हटेगा अतिक्रमण

# नपा की टीम लेकर मैदान में डटे ईओ दिनेश कुमार



**ललितपुर।** सड़कों के चौड़ीकरण, यातायात को सुगम बनाने, अतिक्रमण हटाने और शहर की मुख्य सड़क का महानगरों की तर्ज पर चौड़ीकरण कराने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में ने ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में घंटाघर से लेकर सावरकर चौक तक अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। इस दौरान अतिक्रमण किये हुए दुकानदारों पर पालिका द्वारा जुर्माना वसूली की कार्रवाई भी की गई।

इस दौरान पालिका द्वारा दुकानदारों से 3 हजारा रूपए का जुर्माना वसूलते हुए उन्हें सख्त हिदायत दी गई। डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में स्टेशन क्षेत्र से लेकर नदी पुल तक के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाते हुए मुख्य सड़क चौड़ीकरण किया जाना है, जिसके चलते नगर पालिका द्वारा लाउड स्पीकर के माध्यम से क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर पालिका, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा अतिक्रमण किए हुए अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी जारी करते हुए अतिक्रमण हटाये जाने के भी निर्देश दिये जा रहे है, जिसके चलते नगर पालिका द्वारा घंटाघर से लेकर सावरकर चौक तक अतिक्रमण हटाते हुए दुकानदारों को हिदायत की दी गई, जिसमें कुछ दुकानदारों द्वारा रोड पटरी व पालिका की नाली पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किया गया था, इसके अलावा प्रतिबंधित पॉलीथिन, दोना, पत्तल आदि का भी व्यवसाय किया जा रहा था, जिसके चलते नगर पालिका द्वारा तीन हजार रूपए का जुर्माना वसूलते हुए कार्यवाही अमल में लाई गई।

### अतिक्रमण हटाया जाना है

ईओ ने कहा कि जो भी दुकानदार नाली व सड़क पटरी पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किये हुए है वह उन्हें ही हटा ले, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रेलवे स्टेशन से लेकर नदी पुल तक मुख्य सड़क पटरी के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाना है, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। यदि कोई दुकानदार अतिक्रमण को नहीं हटाता है या फिर प्रतिबंधित सामग्री को बेचता हुआ पाया जाता है तो संबंधि दुकानदार के विरूद्ध जुर्माना वसूली की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हो हटाया जायेगा व सामग्री को जब्त किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, धीरेन्द्र घावरी, गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित जिला प्रशासन, राजस्व विभाग सहित पुलिस बल एवं अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बिरधा अंतर्गत गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 जनवरी को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह खेत पर गया हुआ था। तभी उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। तभी मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना देहात के ग्राम मंजना निवासी बारस उर्फ राहुल पुत्र संतोष रजक आया और उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। शाम को जब वह खेत से काम करके घर लौटा तो उसे जानकारी हुयी कि गांव के काशीराम पुत्र भगुन्ते, सुकलाल पुत्र हरचरन व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उसकी पुत्री को बारस उर्फ राहुल अपने साथ मोटर साइकिल पर लेकर चला गया है। जब ग्रामीणों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रूका। 15 जनवरी को अपराह्न 3 बजे वह अपने रिश्तेदारों के साथ बारस उर्फ राहुल के घर पहुंचे, जहां उसकी पुत्री थी। मौके पर राहुल की बहन क्रान्ति, पिता संतोष व मां गुट्टी भी मौजूद थे। इस घटना के बाद से वह काफी डरा हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली से होगा पर्यावरण संरक्षण : डॉ.पाल






**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास जैसे ज्वलंत विषय पर अभाविप के आयाम एसएफडी विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा हरित वार्ता नाम से संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग को पर्यावरणीय संकटों के प्रति जागरूक करना तथा उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डालना रहा।

मुख्य वक्ता बुविवि झांसी से डा.अमित पाल ने अपने विस्तृत व्याख्यान में कहा कि मानव-जनित गतिविधियों के कारण प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, प्रदूषण, जल-संकट और जैव-विविधता का ह्रास गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढियों को इसके भयावह परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त समाज और वृक्षारोपण जैसे उपायों को व्यवहार में लाने का आह्वान किया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने करते हुये कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का बोध भी कराए। कहा कि शैक्षणिक संस्थान यदि पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या और पाठ्यक्रम का हिस्सा बना लें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि अभाविप विभाग प्रमुख डा.दीपक कुमार पाठक ने कहा कि युवा वर्ग में यदि पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत हो जाए तो यह आंदोलन जन-जन तक पहुंच सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व मानकर कार्य करने का आह्वान किया। संयोजक डा.राजीव निरंजन, एसएफडी प्रान्त सह प्रमुख ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण से जुड़े विभिन्न ज्वलंत प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर किया। कार्यक्रम में डा.सुखपाल, हरिओम जायसवाल, विशाल नामदेव, नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा, नयन शर्मा, सौरभ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दहेज मांग कर ससुरालियों ने गर्भवती बहू को निकाला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम झरकौन में रहने वाली मिथलेश लोधी पुत्री हरनाम राजपूत ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 25 मई 2021 को मध्य प्रदेश के जिला सागर थाना खुरई के अम्बेड़कर वार्ड नं.5, कम्पनी कुआ के पास निवासी शैलेन्द्र पुत्र लखन सिंह लोधी के साथ सम्पन्न हुयी थी।

शादी में उसके पिता ने अपने सामथ्र्य अनुसार 5 लाख रुपये नकद और गृहस्थी का सामान व सोने-चांदी के आभूषण दिये थे। लेकिन उसका पति शैलेन्द्र के अलावा ससुराली ससुर लखन पुत्र मोती, सास मीना, जेठ अमर सिंह, जिठानी रूपवती, मौसिया ससुर बब्लू अतिरिक्त दहेज में 3 लाख रुपये की मांग करते हुये गालियां देकर प्रताड़ित करने लगे। शादी के बाद उसे एक पुत्री का जन्म हुआ। ससुरालियों ने लड़की होने का ताना देते हुये उससे दहेज की मांग की और भूखा कमरे में बंद रखा और उसका पति आया तो उन्होंने कमरे से निकाला तो घर से निकलने की बात कही। पति के मना करने पर ससुराली उन्हें भी मानसिक तनाव देते रहे। इसी बीच वह फिर से गर्भवती हुयी और 18 जुलाई 2025 को उसके पति शैलेन्द्र की मानसिक तनाव के कारण जिला विदिशा में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। बावजूद इसके उसे ससुरालियों द्वारा फिर से भूखा रखा गया और यातनाएं देने लगे। आरोप है कि 5 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे ससुरालियों ने उसे गहने छीनकर घर से निकाल दिया और वह गर्भवती अवस्था में अपने मायके आ गयी, जहां 28 अगस्त को उसने पुनः पुत्री को जन्म दिया। बताया कि 4 जनवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे पनारी रोड स्थित नहर के पास राधा कृष्ण मंदिर पर पंचायत जोड़ी, जिसमें ससुरालियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज की खातिर महिला से मारपीट

शहर के मोहल्ला अजीतापुरा में रहने वाली फराह पत्नी साकिर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर थी। तभीउसके मायके वाले भाई राहुल, मां नसीम उसे लिवाने के लिए आये थे। क्योंकि उक्त लोग काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। तभी भूरा, सबनम, साकिर, खुशी एकराय होकर आये और गालियां देते हुये पांच लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। जबकि उसने विरोध किया, तो उक्त लोगों ने एकराय होकर लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी। मौके पर उसकी मां व भाई बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी अभद्रता करते हुये हाथापाई करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## सिलाई की दुकान पर किया गया वाद-विवाद

# भाइयों में मारपीट, दोनों पक्ष पर किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला श्रद्धानन्दनपुरा निवासी उमाशंकर पुत्र स्व.भागीरथ नामदेव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह कटरा बाजार में सिलाई की दुकान का संचालन करता है।

बीती 14 जनवरी को वह अपने भाई रमेश कुमार अपनी दुकान पर थे। तभी उसका भाई ओमप्रकाश नामदेव आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर ओमप्रकाश ने उसके व उसके भाई के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे हाथ में गंभीर चोट आयी, जबकि उसके भाई रमेश को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ओमप्रकाश नामदेव के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व 118 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ओमप्रकाश पुत्र भागीरथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई जगदीश प्रसाद, रमेश कुमार, उमाशंकर तीनों ने एकराय होकर उसके साथ गालियां दीं और उसे कैंची मार दी, जिससे उसे चोट आयीं।

बताया कि ओमप्रकाश व उसका पुत्र विशाल जो कि पुलिस विभाग में बंद कराने की धमकी देता है, जिससे वह काफी परेशान है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पूजा करने जा रहे भाइयों से मारपीट

**ललितपुर।** जेल चौराहा के पास ही रहने वाली गुडडी पत्नी अनिल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार को उसका पुत्र अमन व गौरव अम्बेड़कर पार्क में पूजा करने जा रहा था, तभी कुछ लोग उसे मंदिर में पूजा करने से मना करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पुत्रों के साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने कोतवाली पुलिस से मामले में जांच करायी जाकर कार्रवाई किये जाने की मांग उठायी है।

# ढाबा संचालक से मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मसौरा बैरियल के पास रहने वाले शिवनारायण पटेल पुत्र लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मसौरा बैरियल पर दाऊ भोजनालय के नाम से ढ़ाबा का संचालन करता है। बताया कि इस समय नेशनल हाई-वे वालों का अतिक्रमण चल रहा है। इसी सापेक्ष में उसका ढ़ाबा भी उसने स्वयं हटा लिया है। उसी ढ़ाबे का कुछ मटेरियल मौके पर पड़ा था, जिसकी रखवाली के लिए वह 15 जनवरी को रात करीब 10 बजे अपने घर जाने लगा तो उपेन्द्र अवस्थी, मिन्टू अवस्थी पुत्रगण मुन्ना अवस्थी व इनका एक भाई अज्ञात व्यक्ति के साथ शराब के नशे में उससे उलझने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने लकड़ी की बल्ली का टुकड़ा जो टूटा पड़ा था उससे उस पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं मौजूद गनेश कुशवाहा व राहुल पटेल, अमित पटेल ने मौके पर आकर उन्हें बचाया। तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### युवक से मारपीट, एफआईआर दर्ज

थाना जाखलौन के ग्राम गढ़ौली निवासी सोनू यादव पुत्र हनुमत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 जनवरी को शाम करीब 5 बजे वह अपने दरबाजे पर था। तभी गांव के छोटू पुत्र काशीराम यादव, संतोष पुत्र कपूर सिंह, काशीराम पुत्र कपूर सिंह, जोगिन्द्र पुत्र गंगाराम एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## दूरस्थ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं बन गईं मिसाल

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्वास प्रमाण पत्र

**कंधारीकलां (ललितपुर)।** समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधारीकलां को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुणवता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया है। यह उपलब्धि भारत सरकार की निरीक्षण टीम द्वारा किए गए पूरे दिन के सघन निरीक्षण एवं संयुक्त समीक्षा के उपरांत प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की निरीक्षण टीम ने सुबह 9.30 बजे निरीक्षण एवं समीक्षा प्रक्रिया प्रारंभ की। सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी विभाग, ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन कोटा) से संबंधित सभी विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया।

निरीक्षण वाले दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट के चिकित्सा अधीक्षक डा.विशाल पाठक अपनी पूरी ब्लॉक स्तरीय टीम के साथ सुबह से शाम तक कंधारीकलां में उपस्थित रहे। वहीं सीएमओ ने भी अपनी जनपदीय टीम के साथ निरीक्षण प्रक्रिया में लगातार मौजूद रहे। जनपदीय टीम में डीसीपीएम गणेश तिगुरिया तथा जिला गुणवता परामर्शदाता डा.तारिक अंसारी शामिल रहे।




### सेवाओं का गहन निरीक्षण किया गया

आरबीएसके डा. धर्मेन्द्र सेंगर एवं उनकी टीम, ब्लॉक कुष्ठ प्रभारी श्यामवीर सिंह, तथा टीबी विभाग से अनिल राजपूत एवं उनकी टीम द्वारा सेवाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात जनपद एवं ब्लॉक स्तर की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सामुदायिक शौचालय, मुख्य मार्ग, राशन वितरण केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मुख्य साइन बोर्ड, पेयजल की उपलब्धता, हर्बल गार्डन, फैसिलिटी ब्रांडिंग, प्रतीक्षालय, स्वच्छता व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, एम्बुलेंस की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता एवं रख-रखाव, अभिलेखों की जांच, स्टाफ का साक्षात्कार, मरीजों एवं उनके परिजनों से फीडबैक लिया गया। टीम द्वारा विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पश्चात सेवाएं, टीकाकरण, संचारी एवं गैर-संचारी रोग, नेत्र रोग, कुष्ठ रोग, टीबी रोग नियंत्रण तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की गतिविधियों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक तालबेहट के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मयंक पाल, अवनी, श्यामवीर सिंह, आकाश बैरागी, सुप्रिया शुक्ला, सूरज सोनी, सौरभ योगी, मंजूर अहमद, नरेंद्र सिंह, ब्लॉक बिरधा तथा एएनएम मुन्नी पाल, सपना योगी, ज्योति राजपूत, सिंकी सेन, बबीता प्रजापति भी उपस्थित रहीं। साथ ही एएनएम रश्मि गौतम, आशा कंधारिकलां रानी, आशा पुराखुर्द सुमन प्रजापति, आशा कटिला विशाखा राजपूत, आशा संगिनी रामदेवी यादव, क्षेत्रीय सुपरवाइजर अशोक नायक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं जननी सुरक्षा योजना प्रभारी तालबेहट श्री धीरज कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रवेश कुमारी, अभिलाषा तिवारी एवं तारा यादव का भी विशेष योगदान रहा।

### प्रमाण पत्र प्राप्त करना हर्ष का विषय

समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित पटेल ने बताया कि वर्ष 2023 में तैनाती के समय केंद्र की स्थिति अत्यंत सीमित थी, किंतु ग्राम प्रधान राजकुमार यादव, एडीओ पंचायत रामदास सुमन, जिलाधिकारी, सीडीओ, डीपीआरओ, वीडीओ तालबेहट, सीएमओ एवं चिकित्सा अधीक्षक तालबेहट के सहयोग से आज यह केन्द्र एक भव्य एवं आदर्श आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित हो सका है। यह उपलब्धि पूरे जनपद ललितपुर एवं कंधारिकलां क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सीएमओ ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधारिकलां के सीएचओ अंकित पटेल एवं उनकी टीम को एनक्वास प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ललितपुर जनपद के सबसे दूरस्थ गांव, जहां से जिले की सीमा प्रारंभ होती है, वहां भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

एनएच हाईवे निर्माण में बाधा बन रही थी दुकानें, अमले ने हटाया कब्जा

# 28 दुकानों समेत आधा सैकड़ा गुमटियों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका प्रशासन ने रविवार को जय स्तंभ के सामने पुराना टेलीफ़ोन एक्सचेंज कार्यालय से जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास रामतलाई हनुमान मंदिर वाले रास्ते तक बनी 28 दुकानों सहित आधा सैकड़ा के करीब गुमठियों पर बुलडोजर चला कर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही लेकिन किसी तरह का विरोध देखने को नहीं मिला अलबत्ता दुकानदार अपना सामान निकालते गुमठियों बचाते हुए जरूर दिखाई दिए।

एनएच के ठेकेदार लेबर के साथ दोपहर 2:00 बजे के करीब पुरानी पुलिस लाइन पर पहुंच गए जहां नगर पालिका अमले ने उनके साथ मिलकर बंद पड़ी गुमटियों को जेसीबी तोड़ना शुरू कर दिया कुछ लोगों ने पक्के निर्माण कर लिए थे उन्हें भी जेसीबी चला कर तोड़कर तहस-नहस कर दिया। रविवार होने के कारण सभी दुकानें बंद थी लेकिन दुकानदार मौके पर पहुंच गए थे और जिन लोगों ने अपना सामान नहीं निकाला था वह सामान निकाल कर ले जाने में बिजी हो गए कुछ लोग गुमठियों को उठाकर ले जाने में सफल हुए जो नहीं ले जा सके उनकी गुमटियां तोड़ दी गई। जितनी जमीन पर एनएच को नाला निर्माण करना है उतने स्थान को तोड़कर चौड़ीकरण कर दिया गया। करीब चार घंटे तक चली इस कार्रवाई के बाद एनएच के ठेकेदार ने वहां नाला बनाने के लिए चुना डाल कर लाइनिंग कर दी।



### बाजार का होगा चौड़ीकरण, मिलेगी जाम से मुक्ति

अतिक्रमण हटाने के बाद अब एनएच वहां पर मापदंड के अनुसार सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर पहले नाला निर्माण करेगी इसके बाद नाली तू नाली रोड बनाएगी। अतिक्रमण हटने के बाद अब इस सड़क की चौड़ाई लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है पहले यह सड़क जयस्तंभ से पुरानी पुलिस लाइन तक बेहद संकीर्ण होने के कारण जाम का कारण बनती थी उससे भी अब लोगों को निजात मिलेगी।

### 4 माह से हाईकोर्ट में चल रहा था मामला

हालांकि एनएच के ठेकेदार ने यहां नाला खोदने के लिए चार माह पहले ही लाइन डाल दी थी जहां अतिक्रमण में आ रही दुकानों के मालिकों ने उसे रोकने का भरसक प्रयास किया पहले तो राजनेताओं की मदद से ज्ञापन प्रदर्शन किए गए बाद में मामले को कोर्ट में ले गए कोर्ट ने अस्थाई स्टे दे दिया था लेकिन स्टे की समय सीमा खत्म होने के बाद गया। नगर पालिका ने उक्त जमीन पर रखी गुमठियों पर जेसीबी चलाकर जमीन अतिक्रमण मुक्त करा दी। दरअसल इस जमीन पर 26 लोग ऐसे थे जिन्होंने अपनी गुमठियां यहां पर रखी हुई थी लेकिन वह नगर पालिका को किराया देते थे। नगरपालिका के किराएदार होने के कारण ही वह दुकान के बदले नगरपालिका से दुकान चाह रहे थे। रविवार को हुई कार्रवाई में 26 अस्थाई दुकानदारों के साथ टेलीफोन एक्सचेंज के पास लगाई डेढ़ दर्जन गुमठी और गांधी मार्केट में बनी दो पक्की दुकानें भी शामिल हैं जिनका कुछ हिस्सा तोड़ा गया है।

### इनका कहना...

एनएच को सड़क बनाने के लिए जो चौड़ाई चाहिए थी वह यहां मिल नहीं रही थी। दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे पर दुकानदार हाई कोर्ट पहुंचकर स्टे ले आए। लेकिन हमारी ओर से दी गई दलील के बाद हाई कोर्ट ने स्टे खत्म कर फैसला नगर पालिका के पक्ष में कर दिया। फैसला आने के बाद भी हमने सभी दुकानदारों को सामान निकाल लेने और गुमठियां हटा लेने की के लिए नोटिस दिया था मुनादी कराई थी उसके बाद अतिक्रमण हटा गया।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

कोई पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे: कमिश्नर

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने 17 स्थानों पर बनेंगे बायो रिसोर्स सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की मंशानुरूप योजनाओं के लाभ से शेष शत प्रतिशत हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभ प्रदान किया जायें। इस अभियान के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यह बात कमिश्नर चंबल संभाग सुरेश कुमार ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कमिश्नर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रथम चरण में शिविरो के माध्यम से सभी 106 योजनाओं में पात्रतानुसार हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें पोर्टल पर दर्ज किये जायें, इसके लिए डोर टू डोर भी अभियान चलायें जायें। इसके बाद द्वितीय चरण में कलस्टर स्तर और तृतीय चरण में विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि कलस्टर लेबल पर आयोजित शिविरो के साथ ही नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किये जाये तथा हितग्राहियों को चश्मो का निशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जायें। मुख्यमंत्री बाल हृद्य योजना सहित ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों का चिन्हांकन भी शिविरो के दौरान किया जायें। 8 मार्च तक विद्यालयों में बालिका शौचालयों का निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जायें।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में प्राकृतिक खेती के लिए 25 कलस्टर बनाकर लक्ष्य अनुसार 3 हजार 125 किसान चयनित किये गये है तथा प्राकृतिक खेती के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु 50 कृषि सखी भी एनआरएलएम के माध्यम से चयनित की गई है।

प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए जिले में 17 स्थानों पर बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित करने के लिए इच्छुक किसानों, फार्मर प्राड्यूसर ऑर्गेनाईजेशन, गौशालाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये है तथा अभी तक 06 आवेदन प्राप्त हुए है, इन रिसोर्स सेंटर को कृषि विभाग के माध्यम से 1 लाख रूपये की राशि अनुदान के रूप में दी जायेगी, रिसोर्स सेंटर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को गोबर की जैविक खाद के साथ ही जीवामृत, बीजामृत आदि जैविक उत्पादों की मूल्य आधारित आपूर्ति करेंगे। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि वेजीटेबल कल्टीवेशन के लिए 3 कलस्टर बनाये गये है तथा पीएमएफएमई योजना में 76 इकाईयों के लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 65 प्रकरण बैंको में स्वीकृति के लिए भेजे गये हैं।

संभागायुक्त सुरेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों सहित 70प्लस सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, आंगनबाडी केन्द्रो के माध्यम से बच्चों की नियमित मॉनीटरिंग किए जाने, बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के लिए अभिभावको को प्रेरित करने हेतु योजना से अलग विशेष प्रोत्साहन के रूप में न्यूट्री बास्केट वितरण आदि नवाचार किये जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मत्स्य विभाग, जिला विपणन संघ, कॉपरेटिव, पशुपालन आदि विभागों की समीक्षा भी की गई।




### अटल प्रोग्रेस-वे के एलायनमेंट के आधार पर तैयारी करें

कमिश्नर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि अटल प्रोग्रेस-वे के एलायनमेंट के आधार पर प्रारंभिक तैयारियां शुरू की जायें। सभी नायब तहसीलदार, तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में अटल प्रोग्रेस-वे के एलायनमेंट अनुसार भूमि का आंकलन सुनिश्चित कर ले। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि संकल्प से समाधान अंतर्गत अविवादित नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जायें, अभियान के तहत कोई भी अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन लंबित न रहें। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि कुल 3 हजार 69 वन अधिकार पट्टाधारियों में से 1256 को केसीसी के लाभ से जोड दिया गया है, शेष के लिए प्रक्रिया की जा रही है

वीरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और फॉरेस्ट विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# मिट्टी में मिलाई रेत माफिया की भंडारित कर रखी 450 ट्रॉली रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को रेत माफिया के लोगों में उस समय हडकंप मच गया,जब पुलिस और फोरेस्ट विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से वीरपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव के नजदीक कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित करके रखी गई करीब 450 ट्रॉली रेत को जेसीबी के जरिए मिट्टी में मिला दिया।

यहां बता दें कि पिछले दिनों रेत माफिया ने वीरपुर क्षेत्र में घडियाल विभाग की टीम पर हमला कर दिया था। इसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इन निर्देशो के क्रम में एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशन में वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल तथा वन विभाग और घडियाल विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिस व फोरेस्टे की टीम ने श्यामपुर गांव के नजदीक जंगल में करीब आधा दर्जन स्थानों पर भंडारित करके रखी गई रेत को मिट्टी में मिला दिया। यह रेत चंबल नदी से निकाली गई है। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रूपए के आसपास आंकी जा रही है। कार्रवाई करने के लिए पूरी तैयारी के पास पहुंचे पुलिस और फोरेस्टकर्मियों की सख्ती देखकर रेत माफिया के लोग विरोध करने के लिए सामने नहीं आ सके। लेकिन इस कार्रवाई से रेत माफिया को काफी नुकसान पहुंचा है।




# जवासा में दो नहीं तीन घरों में हुई थी चोरी की वारदात

तीसरे घर के मालिक ने रविवार को दी पुलिस को सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव जवासा में शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात को चोर गिरोह के द्वारा दो नहीं बल्कि तीन घरों को निशाना बनाते हुए उनमें चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। रविवार को तीसरे घर के मालिक ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को उसके घर में हुई चोरी के बारे में सूचना दी।

दरअसल ग्राम जवासा निवासी सुल्तान मीणा और गंगाधर सुमन के यहां हुई लाखों की चोरी की वारदातों का मौका मुआयना करते हुए पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली और चोरो का पता लगाना शुरू कर दिया। हालांकि अभी चोरो के संबंध में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है,लेकिन रविवार को इसी गांव के रहने वाले ग्रामीण राम बृजेश मीणा ने पुलिस को सूचना दी कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को उसके घर का भी ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, उसके यहां से भी जेवर, 50 हजार रूपए के करीब नकदी चोरी गए है। इसकी जानकारी उसे बाहर गए परिवार के लोगो के वापस घर लौटने पर चला। इस संबंध में मानपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि रामबृजेश मीणा के द्वारा उसके घर में भी चोरी होने की सूचना दी गई है,जिसके बाद पुलिस टीम के मौके पर भेजा गया है। चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



### बाहरी लग रही गैंग, इसलिए नहीं मिला सुराग

जवासा में चोरी की वारदात को अंजाम देकर भागी चोर गैंग बाहरी लग रही है और वह चोरी की वारदात को अंजाम देकर यहां से चली गई। इसलिए चोर गैंग के संबंध में फिलहाल कोई सुराग पुलिस के हाथ नही लगा है। हालांकि पुलिस के अधिकारी जल्द चोरी का खुलासा किए जाने की बात कह रहे है,लेकिन फिलहाल पुलिस के हाथ ऐसा कोई सुराग हाथ नहीं लगा है,जिसके जरिए चोरी की ये वारदाते जल्द ट्रेस होने की उम्मीद नजर आए।

# श्योपुर से पहुंचे भक्तों ने गिरिराजजी को लगाया छप्पन भोग, सजाया फूल बंगला



**श्योपुर।** गोवर्धन में श्री गिर्राज सेवा समिति श्योपुर की ओर से मानसी गंगा मुकुट मुखारविंद मंदिर पर रविवार को मोनी अमावस्या के मौके पर गिरिराज जी का छप्पन भोग महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान गिरिराज जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया और उन्हें पोशाक पहनाई गई तथा फूल बंगला की झांकी सजाई गई। भक्तों ने राधा सर्वेश्वर आश्रम से मानसी गंगा तक छप्पन भोग मनोरथ की शोभायात्रा निकाली। परिक्रमा मार्ग स्थित राधा सर्वेश्वर आश्रम से बैंडबाजो के साथ निकाली गई शोभायात्रा में बडी संख्या में शामिल हुए श्योपुर के श्रद्धालु महिला पुरूष सिर पर भोग की छबरी लेकर चल रहे थीं तथा कान्हा म्हारा धीरे बजा रे बांसुरी, कानूड़ों का दिल ले गई गूजरी, सांवरा दिखा थारी मुरली को कमाल आदि भजनों पर भक्त नाचते गाते चल रहे थे। गिर्राज सेवा समिति श्योपुर द्वारा बताया गया है कि समिति की ओर से मोनी अमावस्या पर पहली बार गिरिराज जी महाराज को छप्पन भोग तथा भंडारा आयोजित किया गया।

अपनी फसलों को बचाने गांव से जंगल हांकने लाए ग्रामीण

# बड़ौदा की ओर से आई दो हजार गायों ने शहर में घुसकर मचाया तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

रविवार को शाम 5:00 बजे के करीब शहर के बाजार में उस समय अफरा तफरी मच गई जब मार्केट में दो हजार के करीब गौवंश अचानक घुस गया। गोवंश की इस भीड़ में रास्ते में जो कुछ मिला उसे तहस-नहस कर डाला कई बाइक गिर कर टूट फूट गई। गायों के झुंड के हुड़दंग से बचने के चक्कर में कुछ लोग गिरकर घायल हो गए बाद में गोवंश को हांक कर शिवपुरी रोड की ओर ले जाया गया। यह गोवंश बड़ौदा की ओर से जंगल में ले जाकर छोड़ने के लिए लाई गई बताई जा रही हैं।

हालांकि ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब शहर से होकर 100—50 गायों के झुंड को किसान जंगल की ओर हांक कर ले जाते नहीं दिखाई पड़ते हों। पर रविवार को तो 100 200 नहीं बल्कि हजारों गायों का झुंड बाजार में घुस गया। यह गाय बडौदा तहसील के राजपुरा गांव की ओर से लाई गई बताई जा रही है इसे लाने वाले किसानों ने बताया कि यह गाय उनके खेतों में खड़ी फसलों को खाकर हमें बर्बाद कर रही थी इसलिए किसान बर्बादी से बचने के लिए इन्हें जंगल में छोड़ने ले जा रहे थे हालांकि बंजारा डैम से बड़ौदा रोड होते हुए किसान गोवंश को राम तलाई हनुमान मंदिर की ओर से मोड़कर शिवपुरी रोड ले जाना चाहते थे लेकिन वहां पर नगर पालिका अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने की चल रही कार्रवाई से गोवंश बिचक गया और राम तलाई के बजाय में मार्केट में घुस गया। बाजार में घुसे के गायों के झुंड को रोक पाना किसी के बस की बात नहीं थी थोड़ी देर तक बाजार में हुड़दंग उत्पात मचाने के बाद जो लोग गोवंश के झुंड को हांक कर लाए थे वहीं उन्हें काबू कर वापस शिवपुरी रोड की ओर ले गए।



### राजस्थान से लाकर छोड़ा गायों को

जो लोग गायों के झुंड को लेकर आए थे उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण रात अंधेरे लोग राजस्थान की ओर से कुहांजापुर पुल पार कर इन गायों को मध्य प्रदेश की सीमा में छोड़ गए हैं। यह गाय घूमती हुई राजपुरा क्षेत्र में पहुंच गई जहां खड़ी गेहूं और चने की फसल को खाकर बर्बादी कर रही थी। इतनी बड़ी संख्या में गायों को काबू करना मुश्किल काम था दो-तीन गांव के किसानों ने मिलकर उक्त गायों को काबू में किया और पहले सड़क पर लाए फिर सड़क मार्ग से होते हुए इन्हें जंगल में छोड़ने के लिए लाना पड़ा। किसानों ने बताया कि राजस्थान से छोड़े जा रहे निराश्रित गोवंश के कारण मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के किसान परेशान है।

### आनंद उत्सव में बुजुर्गों ने खेली कबड्डी, लगाई दौड़ और रस्साकसी में आजमाया जोर

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश आनंद विभाग द्वारा आयोजित आनंद उत्सव अंतर्गत रविवार को जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत आनंद ग्राम सोईकला में 50 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग के लोग उत्साह-आनंद के साथ खेल गतिविधियों में शामिल हुए। सभी ने विभिन्न पारंपरिक खेल मटका फोड़, कबड्डी,रस्सा खेंच कुश्ती ओर गिल्ली डंडा व भजन-गीत गायन आदि प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए खुब आनंद उठाया। इस अवसर पर आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर राजा खान,सोईकलां के सरपंच हरिसिंह मीणा,माध्यमिक शाला सोई कला के प्रधान अध्यापक अशोक शर्मा प्रभारी सचिव दीपक बंसल, ज्वालापुर प्रभारी सचिव गोबिंद सिंह गौर, ददूनी ग्राम पंचायत के महेश गौड़,आकाश मीणा आनंदक शाहरुख खान,सुग्रीम सुमन उपस्थित रहें।



कलश यात्राओं से धर्ममय हुआ वातावरण, दिखी सामाजिक समरसता की झलक

# हिंदू समाज की सुप्त चेतना जागृत होगी, तभी सुदृढ़ हो पाएगा हमारा राष्ट्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इन दिनों शहर समेत जिलेभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को शहर श्योपुर की दो बस्तियों समेत जिले के बडौदा, अजापुरा, किशोरपुरा, प्रेमसर, मानपुर, वीरपुर, कलारना में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

इन सभी जगह हिंदू सम्मेलनों की शुरूआत कलश यात्राए निकाले जाने के साथ हुई। कलश यात्रा के दौरान भारत माता की जय' और 'जय श्रीराम' के जयघोष गुंजायमान होते रहे। नारी शक्ति की व्यापक उपस्थिति के साथ निकली इन कलश यात्राओ से वातावरण धर्ममय हो गया।

वहीं कार्यक्रम स्थलों पर बालक-बालिकाओं के द्वारा दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रोचक प्रस्तुतियां के दौरान भारतीय संस्कृति और देश प्रेम की झलक दिखाई दी, इन हिंदू सम्मेलनों के समापन अवसर पर आयोजित सह भोज के दौरान सामाजिक समरसता की झलक दिखाई दी। क्योंकि सभी जाति और समाज के लोग एक साथ पंगत में बैठकर भोजन करते नजर आए। संतो की विशेष उपस्थिति के बीच आयोजित हिंदू सम्मेलनों को संबोधित कर वक्ताओं ने आह्वान किया कि दुनिया सुरक्षित करने के लिए हिंदू संगठित होना जरूरी है। हिंदू समाज की सुप्त चेतना जागृत होने से राष्ट्र सुदृढ़ होगा।

वीरपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता धर्म जागरण के प्रांत सह संयोजक नवनीत शर्मा ने कहा कि दुनिया को सुख शांति का संदेश देकर सुरक्षा प्रदान करने के लिए एकमात्र सनातन धर्म वसुधैव कुटुंबकम का उद्घोष करता है। प्रत्येक धार्मिक आयोजन के बाद धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो का भाव मात्र सनातन में है। जैन नौहरे में शहर की महावीर बस्ती के हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए आरएसएस के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने कहा कि बहुत से देशों की संस्कृति नष्ट हो गई। किंतु भारतवर्ष हजारों संघर्षों के बाद भी अपना अस्तित्व और संस्कृति धर्म के सहारे बचा रहा। उसको तोड़ने के लिए विधर्मियों ने षडयंत्र किया। आंदोलन कर जातियों में बांटने का प्रयास हुआ। हम सब को विधर्मियों का डट कर सामना करना पड़ेगा। तभी हिंदू समाज और संस्कार की सुरक्षा कर सकेंगे। शहर की गणेश बस्ती का हिंदू सम्मेलन श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुआ,जहां मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बजरंगदल के विभाग सह संयोजक कुलदीप सिंह सिसोदिया ने कहा कि आज के समय में हिंदू समाज को जागरूक और संस्कारित होना बहुत जरूरी है।






### यहां भी आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन

रविवार को बडौदा मंडल का हिंदू सम्मेलन थाना परिसर में आयोजित हुआ, जहां अभाविप के जिला संगठन मंत्री अतुल बुधौलिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे,वहीं अजापुरा में आयोजित हिंदू सम्मेलन में विभाग मुख्य मार्ग प्रमुख रामलखन मीणा मुख्य वक्ता थे। तुलसेफ मंडल का हिंदू सम्मेलन किशोरपुरा गांव में आयोजित हुआ,जहां संघ के पूर्व जिला संघ चालक देवेन्द्र सिंह कुशवाह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। प्रेमसर के शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजित प्रेमसर मंडल के हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में समरसरता मंच विभाग के संयोजक सतीश अग्रवाल मौजूद थे। संत आशाराम गौशाला ढेंगदा में आयोजित कलारना मंडल के हिंदू सम्मेलन में जिला सह सेवा प्रमुख धर्मेन्द्र शर्मा मुख्य वक्ता, मानपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में सह विभाग कार्यवाह गौरव गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे, इन हिंदू सम्मेलनों में संतो की विशेष उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जहां हिंदू समाज से जात पात और ऊंच-नीच का भेद भुलाकर एक जुट होकर संस्कारी बनने का आह्वान किया। वहीं राष्ट्रहित में पंच परिवर्तन को अपनाने की शुरूआत अपने घर से करने का आग्रह भी किया।

थाना करैरा पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए

# वारदात करने से पूर्व आरोपी को 315 बोर के कट्टे और जिंदा कारतूस समेत पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा थाने मेपुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा अवैध हथियार से अपराध करने की नियत से घूमने वालो के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देश दिये गये है जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा डॉ.आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के क्रम में गत 18.01.2026 को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि केन्द्रीय विद्यालय आईटीबीपी के पास भितरबार रोड पर एक व्यक्ति अबैध कट्टा लिये अपराध करने की नियत से खडा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान केन्द्रीय विध्यालय आईटीबीपी के पास भितरबार रोड पर पहुचे तो एक व्यक्ति मुखबिर के बताये हुलिया का खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराही बल की मदद से घेर कर पकडा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गौरव यौगी पुत्र किशोरी लाल योगी उम्र 22 साल नि0 ग्राम चरखा थाना भितरवार ग्वालियर का होना बताया, जिसकी तलाशी लेने पर अपनी कमर मे दाहिने तरफ पेंट में एक देशी 315 बोर की



(कट्टा) रखे हुये पाया गया तथा एक जिन्दा कारतूस मिला, कट्टा एवं कारतूस रखने का बैध लायसेंस चाहा तो नही होना बताया यह कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से कट्टा एवं कारतूस को जप्त कर आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 39/26 धार 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

सराहनीय भूमिका-थाना प्रभारी करैरा निरी० श्री विनोद छावई, उनि राधेश्याम शिवहरे, आर. 900 विकाश भराद्वाज, आर. 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर0 1165 मत्स्येन्द्र सिहं थाना करैरा की मुख्य भूमिका रही।

## दिनारा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग अपहृता को दस्तयाब किया

दिनारा। दिनारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डामरोंन खुर्द की घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 11.01.26 को शिवकुमार पुत्र आशाराम सैन उम्र 46 साल निवासी ग्राम डामरोन खुर्द थाना दिनारा जिला शिवपुरी का रहने वाला हूँ थाना आकर रिपोर्ट की थी कि दिनांक 10.12.2025 को रात्री को मैं खेत पर पानी लगाने के लिये चला गया था घर पर कमरे मे मेरी पत्नि राजकुमारी व मेरी लड़की साक्षी सेन उम्र 17 साल की कमरे में सोता हुआ छोड गया था रात्री करीबन 01.00 बजे जब मैं खेत से अपने घर पर वापस आया तो देखा मेरी लड़की साक्षी कमरे में नहीं थी उसके बाद मैने अपनी लड़की साक्षी की तलाश घर में व आस पड़ोस में की परंतु मेरे लड़की का कुछ पता नहीं चला। तभी से मैं अपनी लड़की साक्षी की तलाश अपनी रिश्तेदारीयो व आस पास के गांव में कर रहा हूँ परंतु मेरी लड़की के बारे में कोई भी पता नहीं चला है मेरी लड़की के दाहिने हाथ की अगुंठे के पास फर गुदा है कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 07/26 धारा 137 (2) वी.एन.एस. का कायम कर विवेचना मे लिया गया पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड के निर्देशन में एवं अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एसडीओपी करैरा डॉ.आयुष जाखड एवं एस.डी.ओ.पी. पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा सम्पूर्ण जिला मे अपहत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाया जा रहे मुस्कान ऑपरेशन के निर्देश प्राप्त हुऐ उक्त निर्देशो के तारतम्य में दिनांक 18.01.26 को थाना प्रभारी दिनारा रविन्द्र सिंह कुशवाह मुखविर सूचना के नावालिक अपहता साक्षी सेन उम्र 17 साल को दस्तयाब किया गया उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा रविन्द्र सिह कुशवाह, सउनि नारायण सिह वंजारा, आर. दीपक मौर्य, म.आर. पूजा प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का हुआ शुभारंभ

# शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएगा अभियानः वीनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

विकासखंड करैरा में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुसार मप्र जन अभियान परिषद के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में चलाए जाने वाले ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का विकासखंड स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम शासकीय स्नातक महाविद्यालय करैरा में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीनस गोयल मंडल अध्यक्ष करैरा,विशिष्ट अतिथि हाकिम रावत विधायक प्रतिनिधि,सोनू खटीक जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा,व कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेन्द्र दुबे विकासखंड समन्वयक



करैरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया उसके बाद अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीनस गोयल ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार में विकास की बहार है गांव गांव तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है गांव व ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है मप्र जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में हैं। हाकिम रावत ने कहा कि गांव ही हमारी आत्मा है हमें मिलजुलकर इसे मजबूत बनाना है।

# खेल से तन के साथ मन का भी विकासः एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

गत दिवस पिछोर में खिलाड़ियों को जिला स्तर पर रवाना करते समय एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने कहा कि खेल से तन के साथ मन का भी विकास होता है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में खेलो टढ यूथ गेम्स 2026 चल रहे हैं जिनमें छात्र छात्राएं बढ़ चढकर भाग ले रहे हैं।

इसी क्रम में आज पिछोर नगर से कई खिलाड़ी जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए हैं, जिन्हें




एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए प्रशांत शर्मा ने कहा कि खेल किसी भी व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए इससे तन के साथ मन का भी विकास होता है, श्री शर्मा खुद भी बहुत अच्छे धावक हैं जो आय दिन क्षेत्र में 10/15 किमी दौड़ते हुए दिखाई दे जाते हैं।

नरसिंह मंदिर में हुई विश्व हिंदू परिषद की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

# नवयुवक एवं युवतियां नशे से दूर रहेः सुनील सिरोठिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नरसिंह मंदिर में जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा बिगत दिनों में सरकार से की गई मांगों की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह (जस्सी) ने दी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा सरकार से मांग की गई कि हिंदू मंदिरों के पैसे का उपयोग हिंदू मंदिरों के जीवनोद्धार में ही खर्च किया जाए न की अन्य के कार्यों में खर्च न किया जाए। साथ ही मंदिरों की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। कार्यक्रम में बजरंग दल के 6 मुख्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें हनुमान जयंती बालोपासाना, सेवा सप्ताह दिवस 1 से 7 जुलाई, साहसिक यात्रा बूढ़ा अमरनाथ 4अखंड भारत दिवस, हुतात्मा दिवस 2 नंबम्बर एवं शौर्य संचालन बजरंग दल के



प्रमुख कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने नवयुवक एवं युवतियों से नशे से दूर हो रहने की अपील की एवं जिला अध्यक्ष की अनुशंसा पर निखिल पाठक को विश्व हिंदू परिषद का नगर अध्यक्ष, रौनक यादव को बजरंग दल का जिला संयोजक, शांतनु त्रिपाठी को सहसंयोजक और राहुल रजक मंडी बामोरा को सहसंयोजक बनाया गया। बैठक के दौरान विभाग संयोजक राजीव गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह संधू, जिला मंत्री शिवम पाठक, विद्यार्थी प्रमुख शुभम नामदेव सहित जिले के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, मंत्री व पदाधिकारी शामिल हुए।

226 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवा का उठाया लाभ

# बीपीसीएल स्वर्ण जयंती के स्थापना वर्ष पर किया मंडी बामोरा में निःशुल्क विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी अस्पताल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी बामोरा में एक विशेष विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बीपीसीएल के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष (50वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। विशेष चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रूप में फिजिशियन डॉ. रवि सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजिरी जोशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मेधा भराडे, मेडिकल ऑफिसर डॉ. आनंद राजोरिया एवं डॉ. आशीष तिवारी द्वारा आवश्यकता अनुसार मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक जांचें पूर्णतः निःशुल्क की गईं। साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 226 मरीजों ने



विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी को माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर नगर के विशिष्ट अतिथि अमित अग्रवाल, नवीन पालीवाल, मनोज श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, बजरंग दल मंडी बामोरा की टीम, मोनू देवलिया, रामप्रसाद साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. आशीष तिवारी द्वारा उपस्थित मरीजों को ब्लड प्रेशर एवं शुगर से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विश्व शांति के रूप में मनाई गई ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि

# ब्रह्मा बाबा ने नारी को शक्ति बनाने का महान कार्य कियाः बीके जानकी दीदी



**ब्रह्म मुहूर्त से लेकर देर रात तक चला योग-साधना का दौर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के ज्ञान शिखर बीना सेवाकेंद्र पर रविवार को ब्रह्माकुमारीज़ के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई गई। भाई-बहनों ने पुष्पांजली अर्पित कर बाबा की शिक्षाओं को याद किया। इसे लेकर ब्रह्ममुहूर्त से देर रात तक योग-साधना का दौर जारी रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने नारी को शक्ति बनाने का महान कार्य किया। आज उनके बताए मार्ग पर चलकर हजारों माताओं-बहनों ने अपने जीवन को नारी शक्ति के रूप में तैयार किया है। 15 दिसंबर 1876 में जन्मे दादा लेखराज (ब्रह्मा बाबा) बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और ईमानदार थे। उन्हें परमात्म मिलन की इतनी लगन थी कि अपने जीवन काल में 12 गुरु बनाए थे। वह कहते थे कि गुरु का बुलावा मतलब काल का बुलावा। 60 वर्ष की आयु में वर्ष 1936 में आपको दुनिया के महाविनाश और नई सृष्टि का साक्षात्कार हुआ। इसके बाद आपने परमात्मा के निर्देशन अनुसार अपनी सारी चल-अचल संपत्ति को बेचकर माताओं-बहनों के नाम एक ट्रस्ट बनाया, उस समय संस्थान का नाम ओम मंडली था। वर्ष 1950 में संस्थान के माउंट आबू स्थानांतरण के बाद इसका नाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पड़ा।

### नारी सशक्तिकरण का इससे बड़ा उदाहरण

बीके जानकी दीदी ने कहा कि आज ब्रह्माकुमारी संस्थान नारी शक्ति द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा और एकमात्र संगठन है। यहां मुख्य प्रशासिका से लेकर प्रमुख पदों पर महिलाएं ही हैं। नारी सशक्तिकरण का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि यहां के भोजनालय में भाई भोजन बनाते हैं और बहनें बैठकर भोजन करती हैं। संगठन की सारी जिम्मेदारियों को बहनें संभालती हैं और भाई उनके सहयोगी के रूप में साथ निभाते हैं।

वर्तमान में 50 हजार से अधिक ब्रह्माकुमारी बहनें संस्थान से जुड़कर दिन-रात ईश्वरीय सेवा में समर्पित भाव से सेवा में जुटी हैं। संस्थान में डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट, वकील, प्रोफेसर, जज, आईएएस से लेकर सिंगर तक हैं जिन्होंने बाकायदा प्रोफेशनल डिग्री लेने के बाद आध्यात्म की राह अपनाई और आज समर्पित रूप से संस्थान में सेवाएं दे रही हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाई-बहन मौजूद रहा। समापन पर परमात्मा की याद में भोग लगाया गया।

# 20 को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ग्राम गोदना में लगाएंगे ग्राम चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना


पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह 20 जनवरी को बीना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोदना में पंचायत चौपाल लगाएंगे। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह आगमन को लेकर विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क कर ग्राम वासियों से अपील की है कि वह



पंचायत चौपाल में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर, एडवोकेट राजाराम अहिरवार, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक परिहार, विनोद पोरिया, विक्रांत गोलंदाज, नरेंद्र सिंह ठाकुर, शुभम ठाकुर, रामकिशन अहिरवार आदि शामिल थे।

श्रुतधाम में निकाली गई श्रीजी की शोभा यात्रा

# भगवान आदिनाथ केवल पहले तीर्थंकर ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के महान मार्गदर्शक हैंः मुनिश्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना।

श्रुततीर्थ श्रुतधाम में देवाधिदेव 1008 श्री ऋषभनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के 2 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन रविवार सुबह भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं बड़े बाबा के महामस्तिकाभिषेक परम पूज्य 108 श्री सरल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी श्री संदीप सरल भैया के कुशल निर्देशन में उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूज्य मुनिश्री 108 सरलसागर महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान आदिनाथ केवल पहले तीर्थंकर ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाले महान मार्गदर्शक हैं। उन्होंने संसार को यह शिक्षा दी कि भोग और संग्रह से अशांति बढ़ती है, जबकि त्याग, संयम और आत्मसंयम से ही सच्ची शांति प्राप्त होती है। आदिनाथ के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि क्रोध, मान, माया और लोभ को त्यागकर सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र के मार्ग पर चलें।